दिनांक–13.05.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज देशभर में 96 सीटों पर मतदान शुरू।
- प्रदेश में आठ लोकसभा सीटों पर डाले जा रहे हैं वोट। इन सीटों पर 79 उम्मीद्वार चुनाव मैदान में।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाताओं से वोट डालने की अपील की।
- प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी तूफान के साथ तेज बारिश। बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु।

लोकसभा चुनाव–देश/प्रदेश

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नौ राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 सीटों के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं। प्रदेश में चौथे और अंतिम चरण के लिये 8 लोकसभा सीटों पर आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया है। इन सीटों में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा हैं। मतदान शाम 6 बजे तक मतदान चलेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के मतदान केन्द्रों के लिये सभी मतदान दलों को सामग्री का वितरण कर दिया गया है। मतदान दल संबंधीत केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिये सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप पर मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी।

चौथा चरण–मतदान–प्रदेश

प्रदेश में आज आदिवासी बहुल मालवा निर्माण क्षेत्र में फैली आठ सीटों में मतदान हो रहा है। यह आठ संसदीय सीटें 64 विधानसभा क्षेत्रों और 16 जिलों में फैली हैं। खास बात यह है कि आठ में से पांच सीटें आरक्षित हैं इसलिए इन सीटों पर 50 लाख से ज्यादा आदिवासी वोट निर्णायक भूमिका में है।

प्रदेश में चौथे चरण की आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के लिये 79 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिसमें 74 पुरूष और 5 महिला उम्मीदवार है। सबसे अधिक 14 उम्मीदवार इंदौर में और सबसे कम 5 प्रत्याशी खरगौन में है। इस चरण के कुछ खास उम्मीदवारों में इंदौर से मौजूदा सांसद शंकर लालवानी, रतलाम से कांतिलाल भूरिया,खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटील, खरगौन से गजेन्द्र सिंह पटेल,मंदसौर से सुधीर गुप्ता, उज्जैन से अनिल फिरोजिया, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी और राजेन्द्र मालवीय शामिल हैं। चौथे चरण के आठ संसदीय क्षेत्रों में कुल 1 करोड़ 63 लाख से ज्यादा मतदाताओं के लिए 18 हजार मतदान केन्द्र बनायें गये । मतदाताओं में करीब 82 लाख 48 हजार पुरुष, 81 लाख 22 हजार महिला और 388 मतदाता

थर्ड जेंडर के थे. इस चरण में 18 से 29 साल के करीब 45 लाख मतदाताओं की भूमिका अहम् मानी जा रही है।

<u>मतदान अपील–राजन</u>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी मतदाताओं से मतदान जरूर करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है मतदाता लोकतंत्र के संरक्षक हैं इसलिए मतदान जरूर करें। मतदाता प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने आग्रह किया कि अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ वोट देने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएं। मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

<u>मतदान–फोटोयुक्त दस्तावेज</u>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में 8 संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता 13 मई को मतदान करेंगे। श्री राजन ने बताया कि 13 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज–वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक, सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे।

चुनाव इंदौर

इंदौर जिले में भी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान शुरु हो गया है।

*इंदौर लोकसभा के चुनाव के लिए जिले की 8 विधानसभाओं के 2397 मतदान केंद्रों पर मॉकपोल के साथ ही मतदान प्रक्रिया शुरु हो गयी है। इन मतदान केंद्रों पर 11 हजार से अधिक अधिकारी–कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया*

*इंदौर लोकसभा के लिए 25 लाख 26 हजार 803 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 12 लाख 75 हजार 93 पुरुष और 12 लाख 51 हजार 613 महिला मतदाता हैं।*

<u>प्रधानमंत्री–साक्षात्कार</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में उल्लेख किया कि उनकी सरकार ने गरीबों को उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करके उनको सशक्त बनाने

और व्यापक सुधारों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का दोहरा मिशन शुरू किया है।

श्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद उनकी सरकार विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अगले पांच वर्षों के लिए और नई सरकार के पहले सौ दिनों के कार्यों की योजना पहले से ही तैयार कर ली है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में कल रात कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आ गई। राजधानी भोपाल में भी आंधी के साथ तेज बारिश हुई। आगर मालवा, बैतूल और मंडला सहित कई स्थानों से बारिश के समाचार मिले हैं। मंडला जिले में रात में मौसम बदला और बारिश शुरू हो गई। देर रात हवा तूफान के साथ बारिश हुई। घंटो बिजली गुल रही। सुबह भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। बैतूल जिले के आमला थाना क्षेत्र के मोरखा में बिजली गिरने की घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को बोरदेही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेश के कई क्षेत्रों में आंधी और बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटो के दौरान राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश हो सकती है। अन्य जिलों में भी आंधी और बारिश की संभावना है।

<u>मतदान खबरें–प्रदेश</u>

धार–महू संसदीय क्षेत्र में सुबह से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं की कतारे लग गई हैं। खंडवा में भी विभिन्न मतदान केन्द्रों पर लोग पहुंच रहे हैं। आगरमालवा में मतदान केन्द्रों पर गर्मी को देखते हुए छाछ, ठंडा पानी आदि की व्यवस्था की गई है। मंदसौर, उज्जैन, देवास, रतलाम और खरगोन सीटों पर भी सुबह से ही मतदाता मतदान केन्द्रों पर वोट देने पहुंच रहे हैं।

<u>आईपीएल</u>

आईपीएल क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरू ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 187 रन बनाए। एक सौ 88 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की पूरी टीम 20वें ओवर में केवल एक सौ 40 रन पर सिमट गई। एक अन्य मैच में, चेन्नई सुपर किंग्स ने कल शाम चेन्नई में एक रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर जीत हासिल की। 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई ने 10 गेंद शेष रहते मुकाबला जीत लिया। आज शाम साढे सात बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर से कल 159 हजयात्री जेद्दा के लिये रवाना हो गए।
- भोपाल नगर निगम ने गंदगी व प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पांच प्रकरणों में 6 हजार 500 रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की।
- डिंडोरी जिले के स्थापना दिवस 26 मई के उपलक्ष्य में बजाग के ग्राम चाड़ा में आयोजित होने वाले आयुर्वेदिक स्वास्थ्य कैंप में आयुर्वेद के विभिन्न पहलुओं के माध्यम से उपचार सुविधा दी जाएगी।
- बैतूल में हज यात्रा के लिए 15 मई से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। हज को जा रहे जिले के हाजियों के टीकाकरण और उन्हें यात्रा का प्रशिक्षण देने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। इस बार जिले से लगभग 67 हाजी हज यात्रा पर जाएंगे।
- छिन्दवाड़ा में जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला में विद्यार्थियों को स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म में 5 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

———————————————

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) लोकसभा चुनाव-देश/प्रदेश

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नौ राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 सीटों के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं। प्रदेश में चौथे और अंतिम चरण के लिये 8 लोकसभा सीटों पर आज सुबह सात बजे मतदान षुरू हो गया है। इन सीटों में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा हैं। मतदान शाम 6 बजे तक मतदान चलेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के मतदान केन्द्रों के लिये सभी मतदान दलों को सामग्री का वितरण कर दिया गया है। मतदान दल संबंधीत केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। षांतिपूर्ण मतदान के लिये सभी आवष्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप पर मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी।

(2) चौथा चरण-मतदान-प्रदेश

प्रदेश में आज आदिवासी बहुल मालवा निर्माण क्षेत्र में फैली आठ सीटों में मतदान हो रहा है। यह आठ संसदीय सीटें 64 विधानसभा क्षेत्रों और 16 जिलों में फैली हैं। खास बात यह है कि आठ में से पांच सीटें आरक्षित हैं इसलिए इन सीटों पर 50 लाख से ज्यादा आदिवासी वोट निर्णायक भूमिका में है।

प्रदेश में चौथे चरण की आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के लिये 79 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिसमें 74 पुरूष और 5 महिला उम्मीदवार है। सबसे अधिक 14 उम्मीदवार इंदौर में और सबसे कम 5 प्रत्याशी खरगौन में है। इस चरण के कुछ खास उम्मीदवारों में इंदौर से मौजूदा सांसद शंकर लालवानी, रतलाम से कांतिलाल भूरिया, खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटील, खरगौन से गजेन्द्र सिंह पटेल,मंदसौर से सुधीर गुप्ता, उज्जैन से अनिल फिरोजिया, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी और राजेन्द्र मालवीय शामिल हैं। चौथे चरण के आठ संसदीय क्षेत्रों में कुल 1 करोड़ 63 लाख से ज्यादा मतदाताओं के लिए 18 हजार मतदान केन्द्र बनायें गये । मतदाताओं में करीब 82 लाख 48 हजार पुरुष, 81 लाख 22 हजार महिला और 388 मतदाता थर्ड जेंडर के थे. इस चरण में 18 से 29 साल के करीब 45 लाख मतदाताओं की भूमिका अहम् मानी जा रही है।

(3) मतदान अपील-राजन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी मतदाताओं से मतदान जरूर करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है मतदाता लोकतंत्र के संरक्षक हैं इसलिए मतदान जरूर करें। मतदाता प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने आग्रह किया कि अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ वोट देने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएं। मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

(4) चुनाव-इंदौर

इंदौर जिले में भी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान षुरु हो गया है। इस बारे में और ब्यौरा हमारे इंदौर संवाददाता से

इंदौर लोकसभा के चुनाव के लिए जिले की 8 विधानसभाओं के 2397 मतदान केंद्रों पर मॉकपोल के साथ ही मतदान प्रक्रिया षुरु हो गयी है। इन मतदान केंद्रों पर 11 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देष पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से षाम 6 बजे तक रहेगा। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आषीष सिंह ने बताया

इंदौर लोकसभा के लिए 25 लाख 26 हजार 803 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 12 लाख 75 हजार 93 पुरुष और 12 लाख 51 हजार 613 महिला मतदाता हैं।

---------------------------